# HAMIRPUR POLICE

पुलिस लाइन दिनाँक-04.06.2023

## थानों पर नियुक्त विवेचकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम (Refresher course) का शुभारंभ:-

आज दिनांक को 04.06.2023 पुलिस अधीक्षक हमीरपुर महोदया के निर्देशन में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा थानों पर नियुक्त विवेचकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम (Refresher course) का शुभारम्भ किया गया, इस दौरान थानों पर पंजीकृत बलात्कार, पोक्सो एक्ट, शीलभंग, हत्या, लूट, डकैती, पुलिस मुठभेड़, चोरी नकबजनी, शरीर सम्बन्धी अपराध एवं शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत अभियोगों में त्रुटिरहित, गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही तथा जमानत प्रार्थना पत्र /पंचायतनामा की आख्या त्रुटिरहित तैयार किए जाने हेतु माह जून में 4 चरणों में (प्रत्येक रविवार) पुलिस लाइन हमीरपुर में आयोजित किया जाएगा। संपूर्ण कार्यक्रम के पर्यवेक्षण अधिकारी क्रमशः अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, क्षेत्राधिकारी सदर व क्षेत्राधिकारी यातायात होंगे।



